लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5710

26 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा क्षेत्र में कार्यरत बुनकरों के उत्पादों की बिक्री

5710. श्री विजय कुमार:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हथकरघा क्षेत्र में कार्यरत बुनकरों के उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिक्री के लिए कोई कार्य-योजना तैयार की है;

(ख) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस संबंध में प्रस्तावित योजनाओं के नाम क्या हैं; और

(ग) बिहार में किन शहरों में उक्त बिक्री केंद्र/काउंटर स्थापित किए गए हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ग): अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में हथकरघा उत्पादों की बिक्री के लिए भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के एक संघटक हथकरघा विपणन सहायता (एचएमए) का कार्यान्वियन कर रहा है । यह योजना हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद (एचईपीसी), चेन्नई के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है । बिहार में हथकरघा मदों की बिक्री के लिए वस्त्र मंत्रालय ने पिछले 4 वर्षो के दौरान 16 हथकरघा एक्सपो स्वीकृत किए हैं जिसमें राष्ट्रीय हथकरघा एक्सपो (एनएचई), विशेष हथकरघा एक्सपो (एसएचई) तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम (डीएलई) शामिल हैं ।

*****